## 2019/TDC/ODD/SEM/HINDSC/HINGE–301T/092

**TDC (CBCS) Odd Semester Exam., 2019**

HINDI

**( 3rd Semester )**

Course No. : HINDSC/HINGE–301T

**( Adhunik Hindi Kavita )**

*Full Marks* : 70
*Pass Marks* : 28

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक भाग से **चार-चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (1×4)×5=20

(क) *(i)* आधुनिक काव्य-संग्रह के सम्पादक कौन हैं?

*(ii)* 'हिन्दी भाषा' किनकी रचना है?

*(iii)* हिन्दी नवजागरण का अग्रदूत किसे कहा गया है?

*(iv)* 'उर्मिला' किस खण्ड-काव्य का अंश है?

*(v)* 'यशोधरा' के कवि कौन हैं?

(ख) (i) 'निर्वेद' किस कवि की रचना है?

(ii) जयशंकर प्रसाद किस काव्यधारा के कवि हैं?

(iii) 'निराला' का पूरा नाम लिखिए।

(iv) 'भिक्षुक' किनकी रचना है?

(v) हिन्दी के मुक्त छंद के प्रथम कवि कौन हैं?

(ग) (i) 'प्रकृति का सुकुमार कवि' कौन हैं?

(ii) 'आधुनिक युग की मीरा' किन्हें कहते हैं?

(iii) 'भारतमाता' कविता के कवि कौन हैं?

(iv) 'अपरिचित पथ' किनकी रचना है?

(v) महादेवी वर्मा को किस काव्य-ग्रंथ पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

(घ) (i) 'अज्ञेय' का पूरा नाम लिखिए।

(ii) 'बावरा अहेरी' किस कवि की रचना है?

(iii) 'मुक्तिबोध' का पूरा नाम लिखिए।

(iv) 'मृत्यु और कवि' के रचनाकार कौन हैं?

(v) 'तारसप्तक' के सम्पादक कौन हैं?

(ङ) (i) 'नागार्जुन' किस काव्यधारा के कवि हैं?

(ii) 'तर्पण' किनकी रचना है?

(iii) नरेश मेहता की किसी एक कविता का नाम लिखिए।

(iv) 'सम्पाती' कौन था?

(v) 'नागार्जुन' की विचारधारा क्या है?

**2.** (क) भारतेन्दु हरिश्चंद्र की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए। 2

**अथवा**

मैथिलीशरण गुप्त किस युग के कवि हैं?

(ख) जयशंकर प्रसाद की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए। 2

**अथवा**

'निराला' की किन्हीं दो कविताओं के नाम लिखिए।

(ग) पंत की दो काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2

**अथवा**

महादेवी वर्मा की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(घ) 'अज्ञेय' की कविता में दीप किसका प्रतीक है? 2

**अथवा**

'फैंटेसी' के तत्त्व किस कवि की कविता में मिलते हैं?

(ङ) 'नागार्जुन' की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए। 2

**अथवा**

'एक बोध' कविता का मूलभाव लिखिए।

**3.** निम्नलिखित पद्यांशों की व्याख्या कीजिए : 3×5=15

(क) निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को सूल॥

**अथवा**

सखि, वे मुझसे कहकर जाते,
कह, तो क्या मुझको वे अपनी पथ-बाधा ही पाते?

(ख) जिस निर्जन में सागर लहरी
अम्बर के कानों में गहरी—
निश्छल प्रेम-कथा कहती हो,
तज कोलाहल की अवनी रे।

**अथवा**

चाट रहे जूठी पत्तल वे सभी सड़क पर खड़े हुए,
और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए!

(ग) तीस कोटि संतान, नग्न तन,
अर्थ क्षुधित, शोषित, निरस्त्र जन

**अथवा**

मेरा पग पग संगीत भरा,
श्वासों से स्वप्न पराग झरा,

(घ) यह दीप अकेला, स्नेह-भरा,
है गर्व-भरा, मदमाता, पर
इसको भी पंक्ति को दे दो।

**अथवा**

ओ हृदय मेरे, उस ज्वलन की भूमि में बिछ जा स्वयं ही;
औ' तड़पकर उस निराले देश में तू खोल आँखें।

=15

(ङ) उदयाचल से किरन-धेनुएँ
हाँक ला रहा
वह प्रभात का ग्वाला।

**अथवा**

इन सम्प्रदायवादी दैत्यों के विकट खोह
वह नहीं चाहते, पिता, तुम्हारा श्राद्ध ओह!

**4.** 'हिन्दी भाषा' शीर्षक कविता के आधार पर भारतेन्दु की राष्ट्रीय चेतना पर प्रकाश डालिए। 5

**अथवा**

'यशोधरा' कविता के मूलभाव पर प्रकाश डालिए।

**5.** 'ले चल मुझे भुलावा देकर' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए। 5

**अथवा**

'जुही की कली' कविता की मूल संवेदना लिखिए।

**6.** पंत के प्रकृति वर्णन की विशेषताएँ सोदाहरण लिखिए। 5

**अथवा**

महादेवी वर्मा की विरहानुभूति पर प्रकाश डालिए।

**7.** 'यह दीप अकेला' कविता में अभिव्यक्त व्यक्ति की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। 5

**अथवा**

'मृत्यु और कवि' कविता का सारांश लिखिए।

*( Turn Over )*

**8.** 'तर्पण' कविता का भावार्थ लिखिए।

**अथवा**

'विडम्बना' कविता की मूल संवेदना लिखिए।

★ ★ ★